# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1921 दिनांक 19/10/2012

## // संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **विश्वविद्यालय द्वारा मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2012–13 से स्नातक प्रथम वर्ष बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (होम साइंस) के असंस्थागत परीक्षार्थियों की परीक्षाएँ सेमेस्टर पद्धति (एकल प्रश्न–प्रत्र प्रणाली) से संपन्न कराने का निर्णय लिया है।**

स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी.(होम साइंस) असंस्थागत **(PRIVATE)** प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–2012 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैः–

| विवरण | असंस्थागत **(PRIVATE)** परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| | तिथि एवं शुल्क विवरण | बी.एससी./ बी.एससी.(होमसाइंस) | बी.ए. | बी.कॉम. |
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | तिथि | 10.10.2012 से 30.10.2012 तक | 10.10.2012 से 30.10.2012 तक | 10.10.2012 से 30.10.2012 तक |
| | असंस्थागत छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 1568/– | रूपये 1028/– | रूपये 1028/– |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 31.10.2012 | 31.10.2012 | 31.10.2012 |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 1000/– के साथ विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 01.11.2012 | 01.11.2012 | 01.11.2012 |
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट **(UPDATE)** करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | **जिला ग्वालियर, अशोकनगर एवं श्योपुर – 02.11.2012** | | | |
| | **जिला भिण्ड एवं दतिया – 03.11.2012** | | | |
| | **जिला मुरैना, गुना एवं शिवपुरी – 05.11.2012** | | | |
| नोट :– इसके अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क 60/–रू0 असंस्थागत परीक्षार्थी, अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये, परीक्षा संचालन शुल्क 100/– रू0 तथा नामांकन शुल्क (माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल एवं मध्यप्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 100/– तथा अन्य बोर्ड/अन्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 200/– लिया जाना है। | | | | |

## विशेष नोट :–

1. स्नातक–बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी.(होम साइंस) असंस्थागत (PRIVATE) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–2012 में बैठने वाले परीक्षार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने के लिये विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia.com पर कॉलेज लॉगिन में **"New Exam Form"** ऑप्सन प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें जाकर महाविद्यालय के कम्प्यूटर यूजर्स परीक्षार्थियों की चाही गयी जानकारी (ऑनलाईन भरकर) और **"Print Exam Form"** ऑप्सन से परीक्षा फार्म प्रिन्ट कर छात्र–छात्राओं को परीक्षा फार्म एवं फीस चालान वितरित करें।

2. उपर्युक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क असंस्थागत छात्रों हेतु 60/– रूपये, अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये तथा परीक्षा संचालक शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। **जिसमें से 110/– रुपये की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है जिसका भुगतान महाविद्यालय द्वारा छात्रों से लिया जावेगा।**

3. असंस्थागत (PRIVATE) परीक्षा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने वाले समस्त परीक्षार्थियों से नामांकन फार्म अनिवार्य रूप से भरवायें। नामांकन फार्म नहीं भरने की स्थिति में छात्र का परीक्षा आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं छात्र का होगा। नामांकन फार्म की फीस माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल एवं मध्यप्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 100/– तथा अन्य बोर्ड/अन्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 200/– लिया जाना है, जिसको परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है।

4. असंस्थागत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें। परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ अर्हता परीक्षा की अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ नामांकन आवेदन–पत्र भी अनिवार्य रूप से जमा करावें, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करते समय यह भी ध्यान रखें कि जितने परीक्षा आवेदन–पत्र हों, उतने की नामांकन आवेदन–पत्र होना चाहिये, उसी दशा में परीक्षा आवेदन–पत्र जमा किये जावेंगे।

5. समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय–समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। यदि इसमें कोई त्रुटि होती है छात्र परीक्षा आवेदन–पत्र दुबारा से ऑनलाइन अपडेट करें और दुबारा अपडेट किया हुआ परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट कर लें। विषय–समूह में कोई गलती होती है तो इसके लिये संबंधित छात्र/प्रभारी प्राध्यापक एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

6. समस्त प्राचार्यगण अपने कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी करें, जिसमें कहें कि परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें तथा छात्र–छात्राओं की हायर सेकेण्डरी की अंकसूची के आधार पर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम आदि की स्पेलिंग अनिवार्य रूप चैक कर लें। साथ ही छात्र–छात्राओं का नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर भी अनिवार्य रूप से अपडेट करें।

7. ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में आये दिन छात्र–छात्राओं द्वारा शिकायत की जाती है कि अंकसूची में छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम में स्पेलिंग की त्रुटियां रह जाती हैं, इस कारण छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय आकर दुबारा अंकसूची बनवानी पड़ती है, जिसमें परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता के नाम में किसी भी प्रकार की स्पेलिंग संबंधी त्रुटि पायी जाती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के अग्रेषणकर्त्ता/प्राचार्य की होगी। ऐसी परिस्थिति में महाविद्यालय को दिये जाने वाला संबंधित छात्र का अग्रेषण शुल्क नहीं दिया जावेगा।

8. स्नातक–बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (होम साइंस) प्रथम सेमेस्टर (असंस्थागत परीक्षार्थी) की परीक्षाएँ नियमित/ एटीकेटी परीक्षार्थी (एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) परीक्षा नवंबर–2012 की परीक्षाओं के साथ संपन्न होंगी। परीक्षा कार्यक्रम आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 08 नवम्बर 2012 से घोषित किया जा चुका है।

## स्नातक कक्षाओं हेतु विषय–समूहों का निर्धारण

(अ) कला संकाय (बी.ए.)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | अंग्रेजी साहित्य/ संस्कृत/ उर्दू/ हिन्दी साहित्य / फंक्शनल अंग्रेजी/ फंक्शनल हिन्दी |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | इतिहास/ अर्थशास्त्र/ सांख्यिकी/ दर्शनशास्त्र |
| 3. | विषय समूह तृतीय | समाजशास्त्र/ सैन्यविज्ञान/ मनोविज्ञान/ गृहविज्ञान |
| 4. | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/ राजनीतिशास्त्र/ चित्रकला/ संगीत, वाद्य तथा नृत्य/ गणित/ कम्प्यूटर एप्लीकेशन |

(ब) विज्ञान संकाय (बी.एससी.)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | रसायनशास्त्र/ सांख्यिकी/ भूविज्ञान/ सैन्यविज्ञान/ इलैक्ट्रोनिक्स/ कम्प्यूटर साइंस |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | गणित/ प्राणिकी/ अर्थशास्त्र |
| 3. | विषय समूह तृतीय | भौतिकशास्त्र/ वनस्पतिशास्त्र |
| 4. | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/ इण्डिस्ट्रयल कैमेस्ट्री/ बायोकैमेस्ट्री/ इण्डिस्ट्रयल माइक्रोबायोलॉजी/ बायोटैक्नोलॉजी/ इनवायरमेंटल साइंस |

(स) वाणिज्य संकाय (बी.कॉम)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | वित्तीय लेखांकन |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | व्यावसायिक संन्नियम |
| 3. | विषय समूह तृतीय | व्यष्टि अर्थशास्त्र/कम्प्यूटर |

(द) बी.एससी. (होम साइंस)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | एनाटॉमी एण्ड फिजियोलॉजी एण्ड बेसिक न्यूट्रिशन |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | इन्ट्रोडक्शन टू ह्यूमन डवलपमेंट |
| 3. | विषय समूह तृतीय | इन्ट्रोडक्शन टू एक्सटेंशन एण्ड कम्प्यूनिकेशन |

## असंस्थागत (PRIVATE) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा (एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) से परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करने वाले महाविद्यालयों की जिलेवार सूची

**विशेष नोट –**

1. गतवर्ष जिन महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा असंस्थागत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करने हेतु अधिकृत किया गया था, केवल वही नीचे वर्णित अधिसूचित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करने हेतु अधिकृत माने जावेंगे।

2. **असंस्थागत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करते समय प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि स्नातक नियमित (REGULAR CLASSES) बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.एस.सी. (होमसाइंस) प्रथम सेमेस्टर की जिस कक्षा की उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता प्रदान की गयी है उन्हीं कक्षाओं के असंस्थागत छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित कर सकेंगे। अगर किसी महाविद्यालय को किसी विशेष नियमित कक्षा (REGULAR CLASSES) में संबद्धता प्राप्त नहीं, ऐसी स्थिति में स्वतः ही उपरोक्त कक्षा के परीक्षा आवेदन–पत्र निरस्त माने जावेंगे, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित अग्रेषित महाविद्यालय के प्राचार्य/संस्था सचिव का होगा।**

---

## GWALIOR DISTRICT

611 GOVT. KAMLARAJA GIRLS COLLEGE, GWALIOR
612 GOVT. M.L.B. COLLEGE OF EXCELLENCE, GWALIOR
613 S.M.S. GOVT. MODEL SCI.COLLEGE, GWALIOR
614 MADHAV COLLEGE, GWALIOR
615 P.G.V. COLLEGE, GWALIOR
618 DR. BHAGWAT SAHAI GOVT. COLLEGE, GWALIOR
619 J.C. MILLS GIRLS COLLEGE, GWALIOR
620 MAHARAJA MANSINGH COLLEGE, GWALIOR

## GWALIOR DISTRICT

621 NAVIN GIRLS COLLEGE, GWALIOR (JHALKARI BAI)
622 GOVT. S.L.P. COLLEGE, MORAR,GWALIOR
623 V.R.S. GOVT. GIRLS COLLEGE, MORAR, GWALIOR
627 GOVT. COLLEGE, MOHANA
629 GOVT. VRINDA SAHAY P.G. COLLEGE, DABRA
630 CENTRAL JAIL, GWALIOR

---

## DATIA DISTRICT

571 GOVT. GIRLS COLLEGE, DATIA
572 GOVT. P.G. COLLEGE, DATIA
573 GOVT. GOVIND GRADUATE COLLEGE, SEONDHA, DATIA
631 GOVT. V.R.S. COLLEGE, BHANDER

---

## SHIVPURI DISTRICT

861 S.M.S. GOVT. P.G. COLLEGE, SHIVPURI
862 GOVT. COLLEGE, KOLARAS, SHIVPURI
863 GOVT. INDIRA GANDHI GIRLS COLLEGE, SHIVPURI
864 GOVT. L.S.G.K. COLLEGE, POHARI, SHIVPURI
865 GOVT. COLLEGE, KARERA, SHIVPURI
866 GOVT. CHHATRASAL COLLEGE, PICHHORE, SHIVPURI

---

## GUNA DISTRICT

591 GOVT. P.G. COLLEGE, GUNA
592 GOVT. KASTURBA GIRLS COLLEGE, GUNA
593 GOVT. COLLEGE, AARON, GUNA
594 GOVT. COLLEGE, RADHOGARH, GUNA
595 GOVT. COLLEGE, CHACHODA-BEENAGANJ, GUNA

---

## ASHOKNAGAR DISTRICT

501 GOVT. NEHRU DEGREE COLLEGE, ASHOKNAGAR
502 GOVT. COLLEGE, MUNGAWALI, ASHOKNAGAR
503 GOVT. MADHAV COLLEGE, CHANDERI, ASHOKNAGAR

---

## BHIND DISTRICT

521 GOVT. M.J.S. COLLEGE, BHIND
522 GOVT. GIRLS COLLEGE, BHIND
523 JAIN DEGREE COLLEGE, BHIND
524 KUSUMBAI JAIN GIRLS COLLEGE, BHIND
525 MAHARSHI ARVIND GOVT. COLLEGE, GOHAD, BHIND
526 GOVT.SHRI GANDHI COLLEGE, BALAJI MIHONA, BHIND
527 GOVT. COLLEGE, ALAMPUR
530 RISHISHWAR COLLEGE, PHOOF, BHIND
531 GOVT. COLLEGE, ATER
532 CHOUDHARY DILIP SINGH GIRLS COLLEGE, BHIND
533 CHOUDHARY YADUNATH SINGH COLLEGE, BHIND
535 SMT. VIJYARAJE SYNDIA COLLEGE, ADOKHAR
540 GOVT. COLLEGE, LAHAR, BHIND
542 SHRI RAMNATH SINGH COLLEGE, GORMI, BHIND

## MORENA DISTRICT

801 GOVT. P.G. COLLEGE OF EXCELLENCE, MORENA
803 T.S.S COLLEGE, MORENA
804 GOVT. GIRLS COLLEGE, MORENA
806 GOVT. COLLEGE, PORSA, MORENA
807 GOVT. NEHRU COLLEGE, SABALGARH, MORENA
808 ACHARYA NARENDRA DEV COLLEGE, KAILARAS, MORENA
810 JAI HIND BISMILL COLLEGE, AMBAH, MORENA
812 SHIV SHANKER COLLEGE, SUMAVALI, MORENA
813 GOVT. COLLEGE, JOURA, MORENA

## SHEOPUR DISTRICT

851 GOVT. P.G. COLLEGE, SHEOPURKALAN
852 SHRI GANESH SHANKER COLLEGE, VIJAYPUR
853 GOVT. COLLEGE, VIJAYPUR

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

कुलसचिव,

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1922 दिनांक : 19/10/2012

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक ........................................................................ की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर



उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)